Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

छतरपुर वन विभाग के व्यापारात्मक शिकार धंधे से जुड़े विक्रम सिंह बुन्देला को गिरफ्तार करने में मिली बड़ी सफलता।

दिनांक 19.03.2014 को पन्ना टाइगर रिजर्व के असूचना तंत्र के माध्यम से प्रकाश में आये एक सुअर के शिकार के प्रकरण में पन्ना पुलिस विभाग थाना मड़ला के सहायोग से नाकाबंदी कर स्कार्पियो वाहन क्रमांक एम.पी.09/व्ही 6797 पकड़ा गया था। जिसका पी.ओ.आर क्रमांक 571/22 दिनांक 20.03.2014 से उत्तर पन्ना वन मण्डल के द्वारा वन अपराध पंजीकृत किया गया है। सर्व विदित है कि दिनांक 19.03.2014 को पुलिस से मौके से फरार हुए आरोपी एवं वन्यप्राणियों के मांस के गोश्त का व्यापार करने वाले विक्रम सिंह बुंदेला जो ग्राम गठेवरा जिला छतरपुर का निवासी है व इनकी माताराम इस ग्राम की सरपंच भी हैं, को छतरपुर वन मण्डल के सहायोग से गिरफ्तार कर लिया गया है। विक्रम सिंह बुदेला ने अपना जुर्म कबूल किया है। यह गिरफ्तारी इस क्षेत्र में विकृत रूप ले चुके वन्यप्राणी मांस से सम्बन्धित व्यापार के ऊपर एक अंकुश लगाने की दिशा में वन विभाग एक सही कदम समझ रहा है। इसी प्रकरण में और एक मुल्जिम किशोरी प्रजापति निवासी मकरी कोठार थाना देवेन्द्रनगर भी विभाग के कब्जे में आ चुका है। इनकी गिरफ्तारी से वन विभाग को काफी बड़ी सफलता हासिल हुई है। पूछ–ताछ में उन लोगों के द्वारा प्रकरण से सम्बन्धित पहलुओं को कबूला गया है। विवेचना के उपरान्त उत्तर पन्ना वन मण्डल के द्वारा सम्बन्धित आरोपीगणों को नियमानुसार कार्यवाही की जा कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

''जय हिन्द''

दिनांक – 06.05.2014

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना